बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

संकल्प

संकल्प सं०:- 644142/ पटना, दिनांक : 27.10.26

ग्रा०वि०-R-504/25/2026-Section-14-RDD-RDD(COM No-633199)

श्री आनंद कुमार विभूति (अनुक्रमांक-227311), प्रखंड विकास पदाधिकारी, बहादुरपुर, दरभंगा के विरूद्ध आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के पत्रांक- 7848 दिनांक-14.09.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि अप्रत्यानुपातिक धनार्जन के मामले में आर्थिक अपराध थाना कांड सं0- 21/26 दिनांक- 07.09.2026 धारा 13(2) सहपठित धारा-13(1) (बी) भ्र0नि0अधि0 1988 (यथा संशोधित 2018) दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। उक्त मामले में माननीय न्यायालय से विधिवत तलाशी अधिपत्र प्राप्त कर श्री विभूति के निवास एवं अन्य ठिकानों पर दिनांक-08.09.2026 को 06 स्थानों पर तलाशी/छापामारी की कार्रवाई की गयी है।

आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना द्वारा प्रतिवेदित आरोप की समीक्षा विभाग द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री विभूति के विरूद्ध दर्ज आर्थिक अपराध थाना कांड सं0- 21/26 दिनांक- 07.09.2026 में जारी अनुसंधान निर्बाध रूप से पूर्ण करने हेतु श्री विभूति को निलंबित करना समीचीन है।

अतः श्री आनंद कुमार विभूति, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बहादुरपुर, दरभंगा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9 (1) (ग) के आलोक में तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। निलंबन अवधि में श्री विभूति का मुख्यालय आयुक्त कार्यालय तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर निर्धारित किया जाता है।

निलम्बन की अवधि में श्री विभूति को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 10 के तहत अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

निलम्बन के आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

27/10/26

(अखिल प्रलयंकर)

अवर सचिव

ज्ञापांक: 644142/ पटना, दिनांक 27.10.26

ग्रा०वि०-R-504/26/2026-Section-14-RDD-RDD(COM No-633199)

प्रतिलिपिः आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/जिला पदाधिकारी, दरभंगा/वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/जिला कोषागार पदाधिकारी, दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर/श्री आनंद कुमार विभूति, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बहादुरपुर, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/10/26

अवर सचिव

ज्ञापांक: 6441421 पटना, दिनांक 27.10.26

ग्रा०वि०-R-504/26/2026-Section-14-RDD-RDD(COM No-633199)

प्रतिलिपिः प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा 03, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु/आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

27/10/26

अवर सचिव